श्री श्याम नन्दन सहाय का निधन १४ मार्च, १९५० को ५६ वर्ष की आयु में मुज़फ्फरपुर में हुआ। वह बिहार के मुज़फ्फरपुर निर्वाचन क्षेत्र से सभा के सदस्य थे। वह भारत की संविधान सभा तथा अस्थायी संसद् के भी सदस्य थे।

डा० माणिक चन्द जाटववीर का २९ दिसम्बर, १९५६ का आगरा में निधन हुआ। वह राजस्थान के रक्षित अनुसूचित जातियों के निर्वाचन क्षेत्र से सभा के सदस्य थे।

श्री बी० जी० खेर का ८ मार्च, १९५७ को ६८ वर्ष की आयु में पूना में निधन हुआ। वह भारत की संविधान सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने लन्दन में भारत के उच्चायुक्त और राजकीय भाषा आयोग के सभापति के रूप में देश की सेवा की थी। उनके निधन से भारत ने अपना एक सपूत, विद्वान, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक खो दिया।

डा० आर० यू० सिंह का निधन १२ जनवरी, १९५७ को ५२ वर्ष की आयु में लखनऊ में हुआ। वह भारत की संविधान सभा (विधायिनी) तथा भारत की अस्थायी संविधान सभा के सदस्य थे।

हम इन मित्रों के निधन पर शोक प्रकट करते हैं; मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके परिवारों को सान्त्वना देने में सभा मेरा साथ देगी। कृपा करके सदस्य शोक प्रकट करने के लिये एक मिनट खड़े रहें।

इसके पश्चात् सदस्य सम्मान प्रकट करने के लिए एक मिनट तक मौन खड़े रहे।

---

†मूल अंग्रेजी में

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति

†सचिव : श्रीमान्, मैं २२ दिसम्बर, १९५६ को लोक-सभा को दी गई सूचना के बाद गत सत्र में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किये गये और राष्ट्रपति द्वारा अनुमति प्राप्त निम्न-लिखित १० विधेयकों को सभा पटल पर रखता हूं :—

(१) केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क और नमक (द्वितीय संशोधन) विधेयक १९५६
(२) संघ उत्पादन-शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक, १९५६
(३) विनियोग (रेलवे) संख्या ६ विधेयक, १९५६
(४) विनियोग (रेलवे) संख्या ७ विधेयक, १९५६
(५) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९५६
(६) फरीदाबाद विकास निगम विधेयक, १९५६
(७) गन्दी बस्तियां (सुधार और सफाई) विधेयक, १९५६
(८) दिल्ली किरायेदार (अस्थायी संरक्षण) विधेयक, १९५६
(९) दिल्ली (निर्माणकार्यों का नियंत्रण) जारी रखना विधेयक, १९५६
(१०) पुस्तक प्रदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) संशोधन विधेयक, १९५६

मैं, २२ दिसम्बर, १९५६ को लोक-सभा को दी गई सूचना के बाद गत सत्र में संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किये गये और राष्ट्रपति द्वारा अनुमति प्राप्त निम्नलिखित १७ विधेयकों की, राज्य सभा के सचिव द्वारा यथाविधि प्रमाणित, प्रतियां भी सभा पटल पर रखता हूं :—

(१) मनीपुर (पहाड़ी क्षेत्रों में ग्राम प्राधिकारी) विधेयक, १९५६
(२) हैदराबाद का राज्य बैंक विधेयक, १९५६
(३) विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) संशोधन विधेयक, १९५६
(४) मार्ग परिवहन निगम (संशोधन) विधेयक, १९५६
(५) लोक प्रतिनिधित्व (विविध उपबन्ध) विधेयक, १९५६
(६) बाट तथा माप मान विधेयक, १९५६
(७) निष्क्रान्त सम्पत्ति व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, १९५६
(८) प्रादेशिक सेना (संशोधन) विधेयक १९५६
(९) तरुण व्यक्ति (हानिकर प्रकाशन) विधेयक, १९५६
(१०) कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) विधेयक, १९५६
(११) बैंकिंग समवाय (संशोधन) विधेयक, १९५६
(१२) मोटर गाड़ी (संशोधन) विधेयक, १९५६
(१३) विद्युत संभरण (संशोधन) विधेयक, १९५६
(१४) भारतीय चिकित्सा परिषद विधेयक, १९५६
(१५) प्रादेशिक परिषद् विधेयक, १९५६
(१६) स्त्रियों तथा लड़कियों का अनैतिक पण्य दमन विधेयक, १९५६
(१७) महिला तथा बाल संस्था (अनुज्ञापन) विधेयक, १९५६

---

†मूल अंग्रेजी में

राष्ट्रपति का अभिभाषण

†**सचिव** : श्रीमान्, मैं, १८ मार्च, १९५७ को एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं ।

राष्ट्रपति :—

संसद के सदस्यगण,

आज मैं पूरे एक वर्ष के बाद आपके सामने अभिभाषण कर रहा हूं । यह वर्ष हमारे देश के लिये और विश्व के लिये महत्वपूर्ण घटनाओं से पूर्ण रहा है । हम ऐसे समय एकत्र हुये हैं जब कि देश भर में आम चुनाव चल रहे हैं और इनके परिणामस्वरूप नई संसद् की स्थापना होने जा रही है । इस संसद् के सम्मुख कुछ कहने का मेरे लिये यह अन्तिम अवसर है । अपने निर्वाचन क्षेत्रों के प्रतिनिधि के रूप में आप में से कुछ नई संसद् में भी आयेंगे और संभवतः कुछ सदस्यगण नई संसद् में नहीं भी आयेंगे । आपका कार्यक्षेत्र कहीं भी हो, मुझे इसमें सन्देह नहीं कि जो कुछ भी आप करेंगे वह इस देश के निर्माण-सम्बन्धी महान कार्य के हित में होगा । मैं आपके कार्य में सफलता और आपकी सम्पन्नता की कामना करता हूं ।

पिछली बार जब मैं ने आपके सामने अभिभाषण दिया था, तब से संसार ने, विशेषकर मध्यपूर्व ने, तनाव की स्थिति का सामना किया है और एक ऐसा संघर्ष भी देखा है जिस का अन्तिम रूप मिस्र पर आक्रमण हुआ । संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप और संसार के जनमत के फलस्वरूप आक्रमणकारी सेनाओं को मिस्र से हटा लिया गया, किन्तु इस संघर्ष से मिस्र को भारी क्षति ही नहीं उठानी पड़ी बल्कि ऐसे समय जब अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति में सुधार होता दिखाई दे रहा था तनाव में वृद्धि हुई । इन परिस्थितियों के कारण बहुत सी समस्यायें पैदा हो गई हैं जिन्हें अब सुलझाना होगा । इन समस्याओं से हमारा भी गहरा सम्बन्ध है क्योंकि विश्व-शान्ति और अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग में हमारी दिलचस्पी है और हमें अपने हितों की भी रक्षा करनी है । इसलिये इन कठिनाइयों को सुलझाने में हमने योगदान देने की चेष्टा की । इस प्रकार हमारे देश ने अपने ऊपर भारी दायित्व लिये हैं जिन में संयुक्त राष्ट्र आपत्कालिक सेना में सम्मिलित होना भी शामिल है । यह सेना संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा के निर्णय के अनुसार और आक्रमणकारी सेनाओं के वापसी-सम्बन्धी प्रस्ताव के अन्तर्गत संगठित की गई थी ।

मध्य यूरोप में हंगरी में घटने वाली घटनाओं से हमें बहुत घबराहट हुई और दूसरे मामलों की तरह इस मामले में भी हमने विदेशी सेनाओं की वापसी के लिये और राष्ट्रीय आन्दोलनों के दमन के लिये उनके प्रयोग के विरुद्ध आवाज़ उठाई । इसके साथ ही विभिन्न अवसरों पर इस समस्या का हल ढूंढने में हमने भरसक सहायता करने की चेष्टा की और हंगरी के लोगों की लाक्षणिक सहायता के रूप में उनके प्रति सहानुभूति प्रकट की ।

विश्व-शान्ति और सहयोग की संभावनाओं पर मध्यपूर्व की स्थिति की परछाईं पड़ी है । उधर यातायात के लिये स्वेज नहर का खुलना बाकी रहता है । इस क्षेत्र में सैनिक संधियों की नीति ने राष्ट्रों को आपस में बांट दिया है और एशिया में अधिकाधिक युद्ध सामग्री जुटाई जाने लगी है । फिर भी यह देख कर कि इस क्षेत्र में संघर्ष का और अधिक विस्तार नहीं हुआ हमें सन्तुष्ट होना चाहिये ।

---

†मूल अंग्रेजी में

भूतपूर्व ब्रिटिश उपनिवेश, गोल्ड कोस्ट और इसके साथ अंग्रेजी शासन के अधीन टोगोलैंड का प्रदेश अब घाना नामक स्वतन्त्र और सर्वाधिकार सम्पन्न राष्ट्र के रूप में और राष्ट्रमण्डल के सदस्य के रूप में उदित हुआ है, इस बात से भारत सरकार और भारत की जनता को बहुत खुशी हुई है ।

हम संयुक्तराष्ट्र में सूडान, मोरक्को, ट्यूनीसिया, जापान तथा घाना के प्रवेश का स्वागत करते हैं । मंगोलिया के बराबर बाहर रहने और चीन के अधिकृत प्रतिनिधियों को संयुक्तराष्ट्र में स्थान न दिये जाने के कारण हमें क्षोभ होता है और इस स्थिति का प्रतिकार करने में हम बराबर प्रयत्नशील हैं ।

हम आशा करते हैं कि मलाया शीघ्र ही एक स्वतन्त्र देश बन जायेगा और ऐसा होने से उपनिवेशवाद का प्रभाव और कम हो जायेगा और एशिया में राष्ट्रीय स्वाधीनता की सीमायें विस्तृत हो सकेंगी ।

संयुक्तराष्ट्र की साधारण सभा के ११वें सत्र में मध्यपूर्व, अल्जीरिया और साइप्रस-सम्बन्धी महत्वपूर्ण विषयों पर होने वाले विवादों में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल ने प्रभावोत्पादक और उपयोगी योगदान दिया है और इन समस्याओं का शान्तिपूर्ण हल ढूंढने और कार्यप्रणाली तय करने में सहायता दी है । निःशस्त्रीकरण का कार्य आगे नहीं बढ़ा है किन्तु संयुक्तराष्ट्र ने एकमत से अपने प्रयत्न जारी रखने और भारत के सुझाव समेत सभी सुझावों पर विचार करने का निश्चय किया है । भारत सरकार को खुशी है कि वह इस प्रस्ताव को प्रस्तुत करने में सहायक हो सकी ।

हमारा देश अन्तर्राष्ट्रीय अणुशक्ति एजेन्सी के प्रारम्भिक आयोग का सदस्य था । इसलिये हमें इस बात का सन्तोष है कि इस एजेन्सी की अब स्थापना हो गई है । हमारी यह कामना तथा आशा है कि अणुशक्ति का उपयोग शान्तिपूर्ण कार्यों में होगा और विध्वंसक कार्यों में इसका प्रयोग बन्द हो सकेगा ।

अपने पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की यात्रा का मुझे सुख और सौभाग्य प्राप्त हुआ । उपराष्ट्रपति ने महामहिम नेपाल नरेश महेन्द्र वीर विक्रम शाह के राज्याभिषेक के अवसर पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया था । आर्थिक तथा सामाजिक उन्नति के क्षेत्र में नेपाल सरकार तथा वहां की जनता के प्रयत्नों के प्रति हमारी पूरी सहानुभूति है और हमें खुशी है कि हम उनकी पंचवर्षीय योजना के कार्यान्वित होने में टेकनिकल तथा आर्थिक सहायता दे सके ।

भारत में बुद्ध जयन्ती-सम्बन्धी समारोहों के कारण हमें अपने देश में दलाई लामा तथा पंचनलामा और संसार के विभिन्न भागों के बौद्ध नेताओं के स्वागत का सुअवसर मिला । इस समारोह ने हमें और संसार को भगवान बुद्ध के शान्ति तथा करुणा के संदेश का फिर से स्मरण कराया । आज विश्व को इस संदेश की अत्यधिक आवश्यकता है ।

अपने देश में अनेक सम्मानित आगन्तुकों का स्वागत करने और उनका परम्परागत आतिथ्य करने का भारत सरकार और इस देश के लोगों को सौभाग्य प्राप्त हुआ । हमारे इन सम्मानित अतिथियों में महामहिम ईरान के शहनशाह तथा साम्राज्ञी, महामहिम इथोपिया के सम्राट, सीरिया के राष्ट्रपति, शुक्री-अल-कुवतली, कम्बोडिया के राजकुमार परमश्रेष्ठ नरोदम सिहनूक, बर्मा, श्रीलंका, इंडोनेशिया, चीन, नेपाल और डेन्मार्क के प्रधान मंत्री गण, जर्मनी के संघीय गणतंत्र के उपचांसलर, सोवियत संघ के उपप्रधान मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्री, सूडान के उपप्रधान मंत्री और अमरीका, फ्रांस तथा ब्रिटेन के परराष्ट्र मंत्री शामिल हैं । १९५६ में संयुक्तराष्ट्र की साधारण

सभा के अध्यक्ष, डा० जोज़ माज़ा और संयुक्त राष्ट्र के महामंत्री भी हमारे सम्मानित अतिथियों में शामिल थे। बर्मा, चीन, चेकोस्लोवाकिया, डेन्मार्क, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, नौर्वे, पौलेंड स्वीडन, सीरिया और यूगेंडा से संसदीय, सांस्कृतिक, व्यापारिक तथा सद्भावना-सम्बन्धी प्रतिनिधि मण्डल भी हमारे देश में आये।

भारतीय उपराष्ट्रपति ने सोवियत संघ, पोलैंड, चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, रूमानिया, बल्गारिया, पूर्वी अफ्रीका, केन्द्रीय अफ्रीकी संघ, इंडोनेशिया तथा जापान की यात्रा की और सभी देशों में उन का हार्दिक स्वागत हुआ।

राष्ट्रपति आइजनहावर के निमंत्रण पर हमारे प्रधान मंत्री ने संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा की। इस यात्रा से तथा अमेरिका के राष्ट्रपति और हमारे प्रधान मंत्री में विचार-विनिमय के फलस्वरूप हमारे दोनों राष्ट्रों के बीच अधिक सद्भावना हुई तथा एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझने में सहायता मिली। मेरी सरकार को विश्वास है कि इसके द्वारा पारस्परिक सम्मान तथा सद्भावना के आधार पर दोनों देशों में अधिकाधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त होता रहेगा।

कनाडा के प्रधान मंत्री, श्री लुई सेंट लारां के निमंत्रण पर हमारे प्रधान मंत्री ने कनाडा की यात्रा की। यह यात्रा कनाडा और हमारे देश के बीच सुखद सम्बन्धों को और दृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुई है। हमारे दोनों देशों में सदा निकट के और मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध रहे हैं।

मेरी सरकार को खेद है कि दक्षिण अफ्रीका की पृथक्करण की नीति की समस्या को सुलझाने और अफ्रीकियों तथा भारतीय प्रवासियों के विरुद्ध भेदभाव की नीति को दूर करने के सम्बन्ध में कोई प्रगति नहीं की जा सकी। मेरी सरकार के सुझाव पर संयुक्तराष्ट्र संघ ने एक बार फिर इस समस्या पर विचार किया। बातचीत द्वारा इस समस्या का हल निकालने के लिये संयुक्तराष्ट्र ने सम्बद्ध सरकारों से फिर अपील की है। पहले की तरह भारत सरकार ने फिर स्वेच्छा से इस प्रस्ताव का समर्थन किया है।

मेरी सरकार को हार्दिक खेद है कि गोआ अभी भी पुर्तगाली सरकार की औपनिवेशिक चौकी के रूप में बना है और वहां प्रत्येक प्रकार की स्वाधीनता का दमन किया जा रहा है और आर्थिक उन्नति अवरुद्ध है। मेरी सरकार की यह दृढ़ नीति है कि गोआ को औपनिवेशिक प्रभुत्व से मुक्त होना चाहिये और भारत की स्वाधीनता में साझेदार होना चाहिये।

मेरी सरकार को खेद है कि पाकिस्तान से इसके सम्बन्ध में बराबर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं और पाकिस्तान में भारत-विरोधी और जहाद के आन्दोलनों में कुछ भी कमी नहीं आई। भारत सरकार और देश के लोगों का दृष्टिकोण यह है कि हम घृणा का उत्तर घृणा से नहीं देंगे, किन्तु अपने न्यायोचित हितों तथा देश की रक्षा करते हुये दोनों देशों में मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों को प्रोत्साहन देने में प्रयत्नशील रहें। पूर्वी पाकिस्तान से भारत में लोगों की निकासी गत वर्ष बराबर होती रही और इस समस्या ने विकट रूप धारण कर लिया। कुल मिला कर पूर्वी पाकिस्तान से ४० लाख से ऊपर लोग भारत आ चुके हैं और इन लोगों के आ जा से हमारे देश पर, विशेष कर पश्चिम बंगाल की सरकार पर, भारी बोझ पड़ा है।

पाकिस्तान सरकार के आवेदन पर संयुक्तराष्ट्र की सुरक्षा परिषद् में काश्मीर के मामले पर विचार किया गया। भारत सरकार की स्थिति स्पष्ट और निर्विवाद शब्दों में व्यक्त की गई है, अर्थात् अक्तूबर, १९४७ से जम्मू और काश्मीर राज्य भारत संघ के दूसरे राज्यों की तरह देश का एक वैधानिक भाग रहा है और अब भी है। काश्मीर में जो स्थिति पैदा हुई है उसका कारण,

अन्तर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्तराष्ट्र द्वारा पास किये गये प्रस्तावों में निहित समझौतों की अवहेलना करके, पाकिस्तान द्वारा आक्रमण और भारतीय संघ के भूभाग पर अवध रूप से अधिकार कर लेना है। सुरक्षा परिषद् ने गत मास अपने तत्कालीन सभापति को भारत और पाकिस्तान की सरकारों से बातचीत करने के लिये इन देशों में भेजने का निश्चय किया। अपनी साधारण नीति के अनुसार भारत सरकार ने स्वीडन निवासी श्री यारिंग का, जिनके शीघ्र ही यहां आने की आशा है, स्वागत तथा उनका आतिथ्य-सत्कार करने की सहमति दी है।

अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति, जिसमें पहले सुधार के लक्षण दृष्टिगोचार होते थे, अब कम आशाजनक दिखाई देती है। फिर भी हमारे देश के सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बराबर बने हैं, यद्यपि विश्व की स्थिति में बिगाड़ का पूर्व के देशों के शान्तिपूर्ण सम्बन्धों, परस्पर सहयोग तथा आर्थिक विकास पर दूषित प्रभाव पड़ा है। शक्ति के संतुलन पर आधारित सैनिक गुटों की नीति के कारण विशेष रूप से एशिया में तनाव बढ़ा है, शस्त्रास्त्रों में वृद्धि हुई है और शीत-युद्ध के क्षेत्र का विस्तार हुआ है। मेरी सरकार की बराबर यह दृढ़ धारणा है कि शान्तिपूर्ण बातचीत और पारस्परिक समझौतों द्वारा ही विश्व की समस्याओं को ठीक और आशाजनक ढंग से सुलझाया जा सकता है।

गत वर्ष राज्यों के पुनर्गठन का कार्य समाप्त कर लिया गया और यह कार्य, जिसके कारण देश के कुछ भागों में दुर्भाग्यवश भावातिरेक के प्रदर्शन हुये, अब सम्पन्न हो चुका है। गत वर्ष ही पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि सफलतापूर्वक समाप्त हुई और दूसरी पंचवर्षीय योजना को चालू किया गया। इस योजना में खाद्यों के उत्पादन पर पहले की तरह जोर दिया गया है किन्तु सके साथ ही देश के औद्योगिक विकास, विशेषकर बड़े उद्योगों की स्थापना पर अधिक बल दिया गया है। सामुदायिक योजना तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवा का देहाती इलाकों में आश्चर्यजनक तेजी से विस्तार हुआ है। इन सेवाओं के अन्तर्गत अब दो लाख बीस हजार गांव और १२ करोड़ ९० लाख जनसंख्या आती है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम में छोटे और घरेलू उद्योगों की उन्नति पर विशेष जोर दिया गया है।

खनिज पर्यवेक्षण के परिणामस्वरूप तेल की आशाजनक खोज हुई है और राजस्थान तथा बिहार में यूरेनियम धातु का पता लगा है। थोरियम और यूरेनियम की भारी मात्रा में उपलब्धि के कारण इन धातुओं के हमारे ज्ञात साधन दुगने से भी अधिक हो गये हैं। हमारे अणुशक्ति विभाग ने भी प्रगति की है और भारत का पहला अणु रिएक्टर गत वर्ष चालू हो गया। सोवियत संघ से बाहर एशिया में स्थापित होने वाला यह पहला अणु रिएक्टर है।

दूसरी पंचवर्षीय योजना का प्रथम वर्ष समाप्त होने वाला है। विगत वर्ष में कुछ कठिनाइयां हमारे सामने आई हैं। कुछ चीजों के भाव ऊंचे चढ़े हैं और विदेशी विनिमय के हमारे साधन संकुचित हो गये हैं। यह गतिविधि देश के सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों में बढ़ते ये उत्पादन की परिचायक है। देश में धन लगाने पर ज़ोर और अधिक उपभोक्ता पदार्थों की अधिक मांग त्वरित विकास की प्रक्रिया का आवश्यक अंग है और एक हद तक इस प्रकार दबाव इस बात का द्योतक है कि विकास के हित में देश के साधनों का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। किन्तु हमें सावधान रहना चाहिये कि यह दबाव अधिक न होने पावे। भावों के चढ़ाव को रोकने के लिये और विदेशी विनिमय के साधनों के ह्रास की रोकथाम के लिये सरकार आवश्यक कार्यवाही करने के लिये दृढ़प्रतिज्ञ है।

इस दिशा में सरकार के सामने प्रमुख समस्या विदेशी विनिमय के साधनों की सुरक्षा तथा वृद्धि की है। जिस देश में मशीन तैयार करने की काफी क्षमता न हो, उसे औद्योगीकरण के लिये आवश्यक रूप से विदेशी विनिमय अधिक मात्रा में व्यय करना पड़ता है। विदेशी विनिमय पूंजी में सहसा अधिक वृद्धि संभव नहीं, इसलिये देश के साधनों के विकास के हित में आरम्भ में विदेशी सहायता आवश्यक होती है। फिर भी अधिकाधिक विदेशी विनिमय उपार्जित करना और आयात में मितव्ययता से काम लेना प्रत्येक देश के लिये अनिवार्य है। अमरीकी सरकार से हाल में ही जो समझौता हमने किया है और जिसके अनुसार हमें विपुल मात्रा में गेहूं, चावल और रूई उधार मिल सकेगा, उससे हमें चढ़ते हुये भावों को रोकने और अपनी योजना को आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। हमें आशा है कि विश्व बैंक सरीखी अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों तथा मित्र देशों से भी हमें काफी वित्तीय सहायता मिलेगी। फिर भी यह निर्विवाद है कि विकास के कामों के लिये आवश्यक साधनों को हमें अपने बल पर ही जुटाना होगा और इसके लिये उत्पादन में अधिक से अधिक वृद्धि करने के उद्देश्य से हमें जनता को संगठित करना होगा।

दूसरी योजना में औद्योगीकरण और आर्थिक व्यवस्था के विविधीकरण को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिये खाद्य, कपड़ा और उद्योगों के विकास के लिये आवश्यक कच्चे माल सम्बन्धी आधारभत पदार्थों के उत्पादन को बढ़ाना आवश्यक है। इस योजना में अधिक धन लगाने पर भी जोर दिया गया है और रोजगार के साधनों का विस्तार इसके प्रमुख उद्देश्यों में एक है। रोजगार के बढ़ाने और धन लगाने से जो आय होगी वह अधिकतर खुराक और कपड़े पर खर्च होगी। इसलिये इन दोनों चीजों के उत्पादन में वृद्धि द्वारा ही योजना को, मुद्राबाहुल्य का संकट उपस्थित किये बिना, आगे बढ़ाया जा सकता है। कृषि उत्पादन में वृद्धि विकास के क्षेत्र में हमारे प्रयासों का प्रमुख आधार है। इस काम के लिये जनता के प्रत्येक वर्ग के लोगों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

१९५७–५८ वित्तीय वर्ष के लिये भारत सरकार के आय-व्यय के अनुमानित आंकड़े आपके सम्मुख रखे जायेंगे जिससे कि आप इस पर अपना मत दे कर आलोच्य वर्ष के एक भाग के लिये खर्च करने की अनुमति दे सकें। इसके अतिरिक्त केरल राज्य के सम्बन्ध में भी इसी प्रकार के अंक आपका अनुमोदन प्राप्त करने के हेतु आपके सामने रखे जायेंगे।

संसद का यह सत्र स्वल्प होगा और इसमें कोई बड़ा अथवा विवादास्पद विधान हाथ में नहीं लिया जायेगा। कुछ अध्यादेश जो विगत सत्र के बाद जारी किये गये थे संसद् के समक्ष रखे जायेंगे।

पांच वर्ष हुये इस महान देश के मतदाताओं की प्रतिनिधि स्वरूप यह संसद् चुनी गई थी और इसने देश के कल्याण तथा प्रगति के लिये और विश्व में सहयोग तथा शान्ति-स्थापन के लिये यत्न किया है। इस यत्न का सुखद फल हुआ है जिसे हम देश में चारों ओर देखते हैं। जो सफलतायें आपने इस अवधि में प्राप्त की हैं उन पर, संसद् के सदस्यगण, मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। परन्तु हम में से कोई भी निश्चित हो कर बैठ नहीं सकता क्योंकि नवीन और सम्पन्न भारत के निर्माण की कहानी सदा घटित होती रहेगी, जिससे इस देश की जनता को सुख प्राप्त होगा और विश्व-शान्ति तथा सहयोग के पक्ष को बल मिलेगा।

मैं आशा करता हूं कि भगवान बुद्ध का सन्देश, जिनकी जयन्ती हमने हाल ही में मनाई थी, तथा हमारे राष्ट्रपिता की आत्मा हमें सत्प्रेरणा देती रहेगी।

स्थगन प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों की खाद्य स्थिति

†**अध्यक्ष महोदय** : श्री शिब्बनलाल सक्सेना ने एक स्थगन प्रस्ताव की पूर्व सूचना दी है, जसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विद्यमान अकाल की दशाओं के सम्बन्ध में विचार करने को कहा गया है। परन्तु क्या हम इस मामले को अविलम्बनीय कहेंगे ? वहां तो तीन वर्ष से ही ऐसा है।

†**श्री शि० ला० सक्सेना** (जिला गोरखपुर–उत्तर) : किसानों का बुरा हाल हो रहा है और चुनाव के दिनों में मैं ने देखा कि लोग चार पांच दिन तक भूखों मरते रहे परन्तु उनके लिये कुछ न किया गया। उनके लिये कुछ किया जाना चाहिये।

†**अध्यक्ष महोदय** : क्या वहां राज्य सरकार नहीं है ? माननीय मंत्री महोदय को इस सम्बन्ध में क्या कहना है ?

†**खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री अ० प्र० जैन)** : आपने ठीक कहा कि खाद्यान्न देने का उत्तर-दायित्व राज्य सरकार का है। भारत सरकार राज्य को अपेक्षित मात्रा में खाद्यान्न दे रही है। मुझे ठीक जानकारी तो नहीं, परन्तु सामान्यत: स्थिति यह है कि राज्य सरकार काफी मात्रा में खाद्यान्न ले रही है और काफी ऐसी दुकानें खोली गई हैं, जहां सस्ते दामों पर अनाज दिया जाता है ताकि सभी लोग उसको खरीद सकें। हमें लोगों के भूखे मरने की कोई सूचना नहीं मिली है। अब रबी फसल के कारण स्थिति काफी सुधर गई है। कीमतें भी ठीक हो गयी हैं। न तो इस मामले में अविलम्बनीय बात है और न ही माननीय सदस्य द्वारा बताई गई बातें सत्य हैं।

†**अध्यक्ष महोदय** : माननीय मंत्री महोदय ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार को जिसकी इस मामले में जिम्मेदारी है, काफी अनाज दे दिया गया है। यह मामला तीन वर्ष से चल रहा है और यदि अब भी कठिनाई का हल नहीं हुआ तो मुझे विश्वास है कि केन्द्रीय और राज्य दोनों सरकारें मिल कर उसे हल करेंगी। परन्तु मैं स्थगन प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति देने की आवश्यकता नहीं समझता।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

अचल सम्पत्ति का अधिग्रहण और अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

†**निर्माण, आवास और संभरण मंत्री** (सरदार स्वर्ण सिंह) : मैं, अचल सम्पत्ति का अधि-ग्रहण और अर्जन अधिनियम १९५२ की धारा १७ की उपधारा (२) के अन्तर्गत १२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या ई० वी० ११(८)।५६ की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई देखिये संख्या एस०–२।५७]**

राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश

†**सूचना और प्रसारण मंत्री** (डा० केसकर) : मैं, संविधान के अनुच्छेद १२३(२)(क) के उपबन्धों के अधीन, चौदहवें सत्र १९५६ के अवसान के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित निम्नलिखित अध्यादेशों की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(१) विदेशी व्यक्ति विधि (संशोधन) अध्यादेश, १९५७ (१९५७ का संख्या १)

[पुस्तकालय में रखा गया देखिये संख्या एस०–१७।५७]

---

†मूल अंग्रेजी में

(२) भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अध्यादेश, १९५७ (१९५७ का संख्या २)
[पुस्तकालय में रखी गयी देखिये । संख्या एस०–१८/५७]

सिनेमेटोग्राफ (प्रावेक्षण) नियमों के संशोधन

†**डा० केसकर** : मैं, सिनेमेटोग्राफ अधिनियम १९५२ की धारा ८ की उपधारा (३) के अधीन सिनेमेटोग्राफ (प्रावेक्षण) नियम १९५१ में कुछ और आगे संशोधन करने वाली २४ नवम्बर, १९५६ के एस० आर० ओ० संख्या २७८५ की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एस०–३/५७]**

भारतीय कृषि गवेषणा परिषद् का वार्षिक प्रतिवेदन

†**कृषि मंत्री (डा० पं० शा० देशमुख)** : मैं, भारतीय कृषि गवेषणा परिषद् की १९५३–५४ की वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एस०–४/५७]**

आय पर कराधान (जांच आयोग) अधिनियम के अधीन अधिसूचना

†**राजस्व तथा असैनिक व्यय मंत्री (श्री म० च० शाह)**: मैं, आय पर कराधान (जांच आयोग) अधिनियम, १९४७ की धारा ४ की उपधारा (३) के अधीन २२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या ९७ की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एस०-५/५७]**

सम्पदा शुल्क नियमों के संशोधन

†**श्री म० च० शाह** : मैं, सम्पदा शुल्क अधिनियम, १९५३ की धारा ८५ की उपधारा (३) के अधीन सम्पदा शुल्क नियम, १९५३ में और आगे संशोधन करने वाली निम्नलिखित दो अधिसूचनाओं की एक एक प्रति व्याख्यात्मक टिप्पण सहित सभा-पटल पर रखता हूं :

(१) १७ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या ४६/४/१०/५६—ई० डी० ।

(२) ३० जनवरी, १९५७ की अधिसूचना संख्या २/१८/१८/५३—ई० डी० ।
[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एस०–६/५७]

केन्द्रीय बिक्री कर (पंजीयन तथा आपणन राशि)

†**श्री म० च० शाह** : मैं, केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, १९५६ की धारा १३ की उपधारा (२) के अधीन केन्द्रीय बिक्री कर (पंजीयन तथा आपणन राशि) नियम, १९५७ की जो १८ फरवरी १९५७ का अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० ६४४ में प्रकाशित हुए थे, एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०—७/५७]**

---

†मूल अंग्रेजी में

प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम

†**श्री म० च० शाह** : मैं, प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, १९५६ की धारा ३० की उपधारा (३) के अधीन प्रतिभूति संविदा (विनियमन) नियम, १९५७ की एक प्रति, सभा-पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०-८/५७]**

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियमों के संशोधन

†**राजस्व और प्रतिरक्षा-व्यय मंत्री (श्री अ० चं० गुह)** : मैं, केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क तथा नमक अधिनियम, १९४४ की धारा ३८ के अधीन केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क नियम, १९४४ में और आगे कुछ संशोधन करने वाली सात अधिसूचनाओं की निम्नलिखित एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं:—

(१) १२ जनवरी, १९५७ की अधिसूचना संख्या १ सी ई आर/५७।
(२) १२ जनवरी, १९५७ की अधिसूचना संख्या २/५७।
(३) १९ जनवरी, १९५७ का एस० आर० ओ० संख्या २४१, २४३ और २४४।
(४) ९ फरवरी, १९५७ का एस० आर० ओ० संख्या ४५०।
(५) २३ फरवरी, १९५७ का एस० आर० ओ० संख्या ५४६।

[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०-९/५७]

समुद्र सीमा शुल्क अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

†**श्री अ० च० गुह** : मैं, समुद्र सीमा-शुल्क अधिनियम १८७८ की धारा ४३ख की उपधारा (४) के अधीन समुद्र-सीमा-शुल्क (संशोधन) अधिनियम, १९५३ द्वारा प्रविष्ट की गयी सीमा-शुल्क सम्बन्धी निम्नलिखित दो अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :—

(१) २२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या १६८।

(२) सीमा-शुल्क ड्राबैक (हाइड्रोलिक ब्रेक फ्लुइड) नियम, १९५६ को प्रकाशित करने वाली २२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या १६९। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०-१०/५७]**

केरल राज्य अधिनियम

†**गृह-कार्य मंत्रालय में मंत्री (श्री दातार)** : मैं, केरल राज्य विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, १९५६ की धारा ३ की उपधारा (३) के अन्तर्गत, निम्नलिखित अधिनियमों में प्रत्येक की एक एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :—

(१) केरल व्यवहार न्यायालय अधिनियम, १९५७ (१९५७ का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या १)। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०-११।५७]**

(२) विधान सभा (अनर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम, १९५७ (१९५७ का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या २)। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०-१२/५७]**

---

†मूल अंग्रेजी में

त्रावनकोर-कोचीन लोक सेवा आयोग (परामर्श) विनियम के संशोधन

†**श्री दातार** : मैं, संविधान के अनुच्छेद ३२०(५) के उपबन्धों के अन्तर्गत, विनियम की एक प्रति के साथ, दिनांक ३ अगस्त, १९५६ की भूतपूर्व त्रावनकोर-कोचीन राज्य अधिसूचना संख्या ६ (सी) ५—३५३७४/५५/पी० डी० की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं, जिसमें त्रावनकोर-कोचीन लोक सेवा आयोग (परामर्श) विनियम, १९५२ में कुछ अग्रेतर संशोधन किये गये हैं। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०—१३/५७]**

अत्यावश्यक पण्य अधिनियम के अन्तर्गत आदेश

†**खाद्य उपमंत्री (श्री मो० वें० कृष्णप्पा)** : मैं, अत्यावश्यक पण्य अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा (६) के अन्तर्गत, दिनांक १३ दिसम्बर, १९५६ के एस० आर० ओ० संख्या ३०६४ की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं, जिसमें बम्बई गेहूं (यातायात नियंत्रण) आदेश, १९५६ में कुछ अग्रेतर संशोधन किये गये हैं **[पुस्तकालय में रखी गयी। दखिये संख्या एस०—१४/५७]**

मोटरगाड़ी अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

†**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)** : मैं, मोटर गाड़ी अधिनियम, १९३९ की धारा १३३ की उपधारा (३) के अन्तर्गत, निम्नलिखित अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं, जिनमें दिल्ली मोटर गाड़ी नियम, १९४० में कुछ अग्रेतर संशोधन किये गये हैं :—

(१) अधिसूचना संख्या एफ० १२(१५६) ५०—एम टी एण्ड सी ई, दिनांक २७ अक्टूबर, १९५६।

(२) अधिसूचना एफ० १२ (१५५) ५६—एम टी एण्ड सी ई, दिनांक २२ जनवरी, १९५७।

(३) अधिसूचना संख्या एफ० १२(१८)/५३—एम टी एण्ड सी ई, दिनांक २२ जनवरी, १९५७।

[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एस०—१५/५७]

त्रावनकोर-कोचीन मोटरगाड़ी नियम, १९५२ के अन्तर्गत भूतपूर्व त्रावनकोर-कोचीन सरकार की अधिसूचनायें

†**श्री शाहनवाज खां** : मैं, मोटरगाड़ी अधिनियम, १९३९ की धारा १३३ की उपधारा (३) के अन्तर्गत, भूतपूर्व त्रावनकोर-कोचीन राज्य की सरकार द्वारा जारी की गई निम्नलिखित अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक-एक प्रति पुनः सभा-पटल पर रखता हूं, जिनमें त्रावनकोर-कोचीन मोटर गाड़ी नियम, १९५२ में कुछ अग्रेतर संशोधन किये गये हैं :—

(१) अधिसूचना संख्या टी० ४—११८४६/१५/ पी० डब्ल्यू० सी०, दिनांक २६अप्रैल, १९५६ ।

मूल अंग्रेजी में

[श्री शाहनवाज खां]

(२) अधिसूचना संख्या टी ४---५१४६/५४/ पी० डब्ल्यू० सी०, दिनांक १८ जुलाई, १९५६ ।

[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एस०-१६/५७]

लोक-लेखा समिति

बीसवां प्रतिवेदन---खण्ड २---साक्ष्य

†**श्री व० बा० गांधी** (बम्बई नगर---उत्तर) : मैं दिल्ली सड़क परिवहन प्राधिकार (बस विभाग) खण्ड २---साक्ष्य के सम्बन्ध में लोक-लेखा समिति (१९५५-५६) का बीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

सदस्यों द्वारा पद त्याग

†**अध्यक्ष महोदय** : मुझे सभा को सूचना देनी है कि निम्नलिखित दो सदस्यों ने लोक-सभा के अपने पदों से त्यागपत्र दे दिये हैं :---

(१) श्री टेकचन्द ने १४ जनवरी, १९५७ से ।

(२) श्री नेसामनी ने १५ फरवरी, १९५७ से ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र

विदेशी व्यक्ति विधि (संशोधन) अध्यादेश सम्बन्धी व्याख्यात्मक विवरण

†**सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर)** : मैं, श्री सत्यनारायण सिंह की ओर से, लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम ८९(२) के अधीन अपेक्षित विदेशी व्यक्ति विधि (संशोधन) अध्यादेश, १९५७ द्वारा तुरन्त विधि निर्मित करने के कारणों के एक व्याख्यात्मक विवरण की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या १]**

इसके पश्चात्, लोक-सभा मंगलवार, १९ मार्च, १९५७ के पौने ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

---

†मूल अंग्रेजी में

दैनिक संक्षेपिका

[सोमवार, १८ मार्च, १९५७]

पृष्ठ

निधन सम्बन्धी उल्लेख : १

अध्यक्ष महोदय ने वर्तमान लोक-सभा के सदस्यों श्री श्यामनन्दन सहाय और डा० जाटववीर, भारत की संविधान-सभा के सदस्य श्री बी० जी० खेर और भारत की संविधान-सभा (विधायनी) तथा भारत की अस्थायी संसद् के सदस्य श्री आर० यू० सिंह के निधन का उल्लेख किया। उसके पश्चात् सदस्यगण सम्मान प्रकट करने के लिये एक मिनट तक मौन खड़े रहे ।

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति २

(१) सचिव ने २२ दिसम्बर, १९५६ को लोक-सभा को दी गई सूचना के बाद गत सत्र में संसद् के दोनों सदनों द्वारा पारित और राष्ट्रपति द्वारा अनुमति-प्राप्त निम्नलिखित विधेयक सभा-पटल पर रखे :—

(१) केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क और नमक (द्वितीय संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(२) संघ उत्पादन-शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक, १९५६ ।

(३) विनियोग (रेलवे) संख्या ६ विधेयक, १९५६ ।

(४) विनियोग (रेलवे) संख्या ७ विधेयक, १९५६ ।

(५) विनियोग (संख्या ५) विधेयक, १९५६ ।

(६) फरीदाबाद विकास निगम विधेयक, १९५६ ।

(७) गन्दी बस्तियां (सुधार और सफाई) विधेयक, १९५६ ।

(८) दिल्ली किरायेदार (अस्थायी संरक्षण) विधेयक, १९५६ ।

(९) दिल्ली (निर्माण-कार्यों का नियंत्रण) जारी रखना विधेयक, १९५६ ।

(१०) पुस्तक प्रदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) संशोधन विधेयक, १९५६ ।

(२) सचिव ने २२ दिसम्बर, १९५६ को लोक-सभा को दी गई सूचना के बाद गत सत्र में संसद् के दोनों सदनों द्वारा पारित और राष्ट्रपति द्वारा अनुमति प्राप्त निम्नलिखित विधेयकों की, राज्य-सभा के सचिव द्वारा यथाविधि प्रमाणित, प्रतियां भी सभा-पटल पर रखीं :—

(१) मनीपुर (पहाड़ी क्षेत्रों में ग्राम प्राधिकारी) विधेयक, १९५६ ।

(२) हैदराबाद का राज्य बैंक विधेयक, १९५६ ।

(३) विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) संशोधन विधेयक, १९५६ ।

पृष्ठ

(४) मार्ग परिवहन निगम (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(५) लोक प्रतिनिधित्व (विविध उपबन्ध) विधेयक, १९५६ ।

(६) बाट तथा माप मान विधेयक, १९५६ ।

(७) निष्क्रांत सम्पत्ति व्यवस्था (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(८) प्रादेशिक सेना (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(९) तरुण व्यक्ति (हानिकर प्रकाशन) विधेयक, १९५६ ।

(१०) कर्मचारी भविष्य निधि (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(११) बैंकिंग समवाय (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(१२) मोटर गाड़ी (संशोधन) विधेयक, १९५६ ।

(१३) विद्युत (सम्भरण) संशोधन विधेयक, १९५६ ।

(१४) भारतीय चिकित्सा परिषद् विधेयक, १९५६ ।

(१५) प्रादेशिक परिषद् विधेयक, १९५६ ।

(१६) स्त्रियों तथा लड़कियों का अनैतिक पण्य दमन विधेयक, १९५६ ।

(१७) महिला तथा बाल संस्था (अनुज्ञापन) विधयक, १९५६ ।

राष्ट्रपति का अभिभाषण—सभा-पटल पर रखा गया . . . ३-७

सचिव ने १८ मार्च, १९५७ को संसद् के दोनो सदनों की संयुक्त बैठक में दिये गये राष्ट्रपति के अभिभाषण की एक प्रति सभा-पटल पर रखी

स्थगन प्रस्ताव

अध्यक्ष महोदय ने, खाद्य तथा कृषि मंत्री द्वारा दिये गये वक्तव्य को ध्यान में रखते हुए, श्री शि० ला० सक्सेना के उस स्थगन प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जिसकी उन्होने पूर्व सूचना दी थी और जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न पूर्वी ज़िलों में विद्यमान कथित अकाल की दशाओं के सम्बन्ध में था ८

सभा-पटल पर रखे गये पत्र ८-१२

निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखे गये :—

१. अचल सम्पत्ति का अधिग्रहण और अर्जन अधिनियम, १९५२ की धारा १७ की उपधारा (२) के अधीन १२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या ई० वी० ११(८)/५६ की एक प्रति ।

२. संविधान के अनुच्छेद १२३(२)(ख) के उपबन्धों के अधीन, चौदहवें सत्र १९५६ के अवसान के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित निम्नलिखित अध्यादेशों की एक-एक प्रति :

(१) विदेशी व्यक्ति विधि (संशोधन) अध्यादेश, १९५७ (१९५७ का संख्या १)

(२) भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अध्यादेश, १९५७ (१९५७ का संख्या २)

३. सिनेमेटोग्राफ अधिनियम, १९५२ की धारा ८ की उपधारा (३) के अधीन सिनेमेटोग्राफ (प्रावेक्षण) नियम, १९५१ में कुछ और आगे संशोधन करने वाली २४ नवम्बर, १९५६ के एस० आर० ओ० संख्या २७८५ की एक प्रति

४. भारतीय कृषि गवेषणा परिषद् की १९५३–५४ के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति

५. आय पर कराधान (जांच आयोग) अधिनियम, १९४७ की धारा ४ की उपधारा (३) के अधीन २२ दिसम्बर, १९५६ की अधिसूचना संख्या ९७ की एक प्रति

६. सम्पदा शुल्क अधिनियम १९५३ की धारा ८५ की उपधारा (३) के अधीन सम्पदा शुल्क नियम, १९५३ में और आगे कुछ संशोधन करने वाली दो अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति, व्याख्यात्मक टिप्पण सहित

७. केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम १९५३ की धारा १३ की उपधारा (२) के अधीन केन्द्रीय बिक्री कर (पंजीयन तथा आपणन राशि) नियम १९५७ की एक प्रति

८. प्रतिभूति संविदा विनियमन, अधिनियम १९५६ की धारा ३० की उपधारा (३) के अधीन प्रतिभूति संविदा विनियम नियम, १९५७ की एक प्रति

९. केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा नमक अधिनियम, १९४४ की धारा ३८ के अधीन केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, १९४४ में और आगे कुछ संशोधन करने वाली सात अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति

१०. समुद्र सीमा शुल्क अधिनियम, १८७८ की धारा ४३ ख की उपधारा (४) के अधीन समुद्र सीमा शुल्क संशोधन अधिनियम, १९५३ द्वारा प्रविष्ट की गई सीमा शुल्क सम्बन्धी दो अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक-एक प्रति

११. केरल राज्य विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, १९५६ की धारा ३ की उपधारा (३) के अधीन निम्नलिखित अधिनियमों की एक एक प्रति :—

(१) केरल व्यवहार न्यायालय अधिनियम, १९५७ (१९५७ का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या १)

पृष्ठ

(२) विधान सभा (अनर्हता निवारण) संशोधन अधिनियम १९५७ (१९५७ का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या २)

१२. संविधान के अनुच्छेद ३२०(५) के उपबन्धों के अधीन त्रावनकोर-कोचीन लोक सेवा आयोग (परामर्श) विनियम, १९५२ में और आगे कुछ संशोधन करने वाली भूतपूर्व त्रावनकोर-कोचीन राज्य अधिसूचना की एक प्रति, विनियमों की एक प्रति के साथ

१३. अत्यावश्यक पण्य अधिनियम, १९५५ की धारा ३ की उपधारा(६) के अधीन बम्बई गेहूं यातायात नियंत्रण आदेश, १९५६ में कुछ संशोधन करने वाले १३ दिसम्बर, १९५६ के एस० आर० ओ० संख्या ३०६४ की एक प्रति

१४. मोटर गाड़ी अधिनियम १९३९ की धारा १३३ की उपधारा (३) के अधीन दिल्ली मोटर गाड़ी नियम, १९४० में कुछ संशोधन करने वाली तीन अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक-एक प्रति

१५. मोटर गाड़ी अधिनियम, १९३९ की धारा १३३ की उपधारा(३)के अधीन त्रावनकोर-कोचीन नियम, १९५२ में और आ` कुछ संशोधन करने वाली भूतपूर्व त्रावनकोर-कोचीन राज्य की सरकार द्वारा निकाली गई दो अधिसूचनाओं में से प्रत्येक की एक -एक प्रति

१६. विदेशी व्यक्ति विधि (संशोधन) अध्यादेश, १९५७ द्वारा तुरन्त विधि बनाने के कारणों को बताने वाला एक विवरण

लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन उपस्थापित किया गया १२

बीसवां प्रतिवेदन उपस्थापित किया गया १२

सदस्यों का त्यागपत्र १२

अध्यक्ष ने बताया कि इन सदस्यों ने उनके नामों के आ` बतायी गई तारीखों से लोक सभा में अपने पदों से त्यागपत्र दे दि` हैं :

(१) श्री `क चन्द—१४ जनवरी, १९५७ ।

(२) श्री नेसामनी—१५ फरवरी, १९५७ ।]

मंगलवार, १९ मार्च के लिये कार्यावलि—

समुद्र सीमा शुल्क संशोधन विधेयक और विदेशी व्यक्ति विधियां (संशोधन) विधेयक पर विचार होगा तथा उन्हें पारित किया जायेगा ।

१९५७–५८ का रेलवे बजट तथा १९५७–५८ का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जा`गा ।